nt>
Title: Need to provide adequate funds for early completion of North Koel Irrigation Project in Aurangabad, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): सभापति महोदय, मैं बिहार के औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह क्षेत्र सुखाड़ प्रभावित क्षेत्र है। सुखाड़ के कारण यहां गरीबी औसत से ज्यादा है और भुखमरी की स्थिति है। यहां की कृषि वर्षा पर आधारित है।

यहां एक सिंचाई परियोजना नार्थ कोयल परियोजना १९७५ से निर्माणाधीन है। इस परियोजना के पूरा हो जाने से जिले का लगभग ६० प्रतिशत क्षेत्र सिंचित हो जाएगा। सरकार का अरबों रुपया खर्च होकर भी अब मात्र कुछ करोड़ रुपयों के अभाव में यह सिंचाई परियोजना अधूरी पड़ी है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि मेरे क्षेत्र की भुखमरी, गरीबी एवं बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए, आवश्यक राशि का प्रबन्ध कर नार्थ कोयल सिंचाई परियोजना का काम शीघ्र पूरा कराया जाये।

MR. CHAIRMAN : Approved text only will go on record.